1408 hours

Title: Need to run an express train between Manmad and Mumbai via Ahmednagar.

श्री दिलीपकुमार मनसुखलाल गांधी (अहमदनगर) : अध्यक्ष महोदय, दौंड-मनमाड रेल लाईन पर अहमदनगर एक बड़ा स्टेशन है। यहां "व्हि.आर.डी.ई." रक्षा मंत्रालय का वाहन जांच केन्द्र है। भारत के सबसे बड़े धार्मिक एवं पर्यटक स्थल शिर्डी, शनि-शिंगणापुर तथा मेहेराबाद अहमदनगर के नजदीक है। अहमदनगर के नजदीक अकोलनेर गांव में भारत पेट्रोलियम का एक बड़ा टर्मिनल है। रेलवे को अहमदनगर से हर दिन करीबन दो-ढाई लाख रुपयों की आमदनी होती है। सन् 2003 में नासिक में कुंभ मेले का आयोजन हो रहा है, वहां लाखों की संख्या में श्रद्धालु आएंगे। कुंभ मेले में पावन स्नान करने के बाद वही श्रद्धालु शनि शिंगणापुर दर्शन हेतु पधारेंगे। इसलिए सरकार द्वारा अभी से अपेक्षित कदम उठाने की आवश्यकता है।

मैं सरकार से निवेदन करता हूं कि शिर्डी, शिंगणापुर में आने वाली पर्यटकों की बड़ी संख्या को देखते हुए मनमाड-दौंड-अहमदनगर-मुंबई एक फास्ट ट्रेन "साई एक्सप्रेस" नाम से चलाने की आवश्यकता है, भले ही यह ट्रेन आने वाली दीपावली के समय ट्रायल बेसिस पर चला कर देखें। उसमें अगर रेल को राजस्व में बढ़ोत्तरी हुई तो यह ट्रेन "समर-स्पेशल" बना कर आने वाले छुट्टी के दिनों में रोजाना तथा उसकी आमदनी देख कर यह रेलगाड़ी आने वाले वित्तीय र्वा में रेगुलर फास्ट ट्रेन "साई एक्सप्रेस" नाम पर चलाई जाए।

MR. SPEAKER: The remaining matters under Rule 377 be treated as laid on the Table.